**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. न्यायाधिकरण सुधार विधेयक–2026 को संसद की मंजूरी, सरकार ने बताया न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।
2. सांसद विष्णु पद रे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर द्वीपवासियों से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान की मांग की।
3. स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर नरेश चन्द्र लाल ने एबरडीन सरकारी मॉडल स्कूल का किया दौरा, छात्रों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के लिए किया प्रेरित।
4. मत्स्य पालकों और संबंधित हितधारकों के लिए जलीय जीवों की बीमारी की रोकथाम पर कार्यशाला स्वस्थ स्टॉक के उपयोग की सलाह दी।

<><><><><><><><>

संसद ने न्यायाधिकरण सुधार विधेयक–2026 को मंजूरी दे दी है। राज्यसभा ने आज विधेयक को पारित किया। लोकसभा इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है। केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक को सदन में पेश किया। विधेयक का उद्देश्य विभिन्न न्यायाधिकरणों के अध्यक्षों और सदस्यों की योग्यता, नियुक्ति और सेवा शर्तों में एकरूपता लाना तथा उनके कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है। इसमें राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग के गठन का भी प्रावधान है। चर्चा का जवाब देते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि सरकार ने 2015 में न्यायाधिकरणों के युक्तिकरण की प्रक्रिया शुरू की थी। उन्होंने कहा कि नया कानून न्याय व्यवस्था को अधिक स्वतंत्र, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद करेगा।

<><><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और द्वीपवासियों से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों के जल्द समाधान के लिए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में डीम्ड यूनिवर्सिटी के स्थान पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना और द्वीपों में विकास कार्यों के लिए वार्षिक बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की गई। सांसद ने पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिका परिषदों के प्रभावी कामकाज तथा विकास के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। इसके अलावा, ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना से प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवजा और उपयुक्त पुनर्वास पैकेज देने तथा द्वीपवासियों को बेहतर और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का मुद्दा भी उठाया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने सांसद को आश्वासन दिया कि वे इन मामलों पर विचार करेंगे और इनके जल्द समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

<><><><><><><><>

भारत सरकार ने कहा है कि फरवरी 2024 में शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अब तक पांच लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि योजना के तहत देशभर में अब तक 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की केंद्रीय वित्तीय सहायता के रूप में सब्सिडी जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि यह मांग–आधारित योजना है और ग्रिड से जुड़े बिजली कनेक्शन वाले सभी आवासीय उपभोक्ता रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए इसका लाभ उठा सकते हैं। श्री जोशी ने कहा कि योजना का बजट वर्ष 2025–26 में 17 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2026–27 में 22 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जुलाई तक योजना के तहत 14 दशमलव पैंसठ गीगावाट से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान दे रही है।

<><><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह ने संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि विपक्ष

को संसद में चर्चा में भाग लेकर अपने मुद्दे रखने चाहिए। डॉ. त्रिवेदी ने कांग्रेस पर चर्चा का मुद्दा बदलने और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न मुद्दों पर सदन में जवाब देने के लिए तैयार है।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने आज एबरडीन सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। श्री लाल ने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने शारीरिक रूप से फिट रहने और शरीर तथा मन पर बुरा असर डालने वाली हानिकारक चीजों से दूर रहने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूल में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक, खेल और अन्य गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्कूल की उप–प्रधानाचार्या बिंदु वर्मा भी उपस्थित थीं।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मत्स्य विज्ञान विभाग ने कल जलीय जीवों की बीमारियों की रोकथाम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला जलीय जीवों की बीमारियों के लिए राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक ने की। मत्स्य विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. मुरुगानंदम कार्यशाला के संयोजक रहे, जबकि वैज्ञानिक डॉ. जे. प्रवीणराज कोर्स निदेशक रहे। कार्यशाला में मत्स्य विभाग के अधिकारी और फील्ड कर्मचारी, किसान, झींगा पालक, सजावटी मछली के व्यापारी और केज–कल्चर संचालकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जलीय जीवों के स्वास्थ्य, बीमारी की रोकथाम, बायोसिक्योरिटी और क्वारंटाइन के महत्व पर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को स्वस्थ स्टॉक भरोसेमंद स्रोतों से लेने और नए स्टॉक को शामिल करने से पहले उसकी स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जलीय जीवों की बीमारियों की निगरानी और रोकथाम के लिए संबंधित लोगों की जागरूकता और क्षमता बढ़ाना था।

<><><><><><><>

कदमतला थाना क्षेत्र के राजीव नगर स्थित आवास से कक्षा नौवीं में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा के सुबह करीब पांच बजे लापता होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही कदमतला थाने में बीएनएस की संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए छात्रा की तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस को छात्रा के शांतनु, कदमतला क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए करीब चार घंटे के भीतर छात्रा को सुरक्षित बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद छात्रा को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया।

उधर, रंगत थाना क्षेत्र के निंबुतला निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति 9 अगस्त से अपने घर से लापता थे। परिवार से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए तलाश अभियान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस को लापता व्यक्ति के बेटापुर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। इसके बाद रंगत थाना पुलिस ने बिलीग्राउंड थाना पुलिस के साथ मिलकर तुरंत कार्रवाई की और लापता व्यक्ति को बेटापुर से सुरक्षित ढूंढ निकाला।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय की ओर से 17 अगस्त को खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्रों के लिए होगी और सात चरणों में आयोजित की जाएगी इच्छुक छात्रों से श्री विजयपुरम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहनपुरा के सभागार में सुबह साढ़े नौ बजे उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>